डाटाबेस प्रबंध पद्धति के प्रयोग द्वारा लेखांकन प्रणाली

15

अधिगम उद्देश्य

इस अध्याय के अध्ययन के पश्चात् आप :

- एम.एस. एक्सेस का डाटाबेस प्रबंध पद्धति के संसाधनों को पहचान सकेंगे;
- डाटाबेस प्रारूप में दी गयी डाटा सारणियों को तैयार कर पायेंगे और इन सारणियों के मध्य संबंध को समझेंगे;
- एक्सेस के मूलभूत सिद्धान्त तथा एक्सेस के प्रयोग द्वारा प्रपत्र के तैयार करने की व्याख्या कर पायेंगे;
- विभिन्न डाटाबेस प्रारूप के अनुरूप प्रपत्र बनाना और उसकी व्याख्या और उसकी व्याख्या कर पायेंगे;
- सूचना विषयक डाटाबेस के लिये प्रतिवेदन की आवश्यक सूचनाओं की पहचान कर सकेगे;
- लेखांकन प्रतिवेदन के प्रस्तुतीकरण के लिये प्रश्न बनना और उन्हें उन पर लागू कर पायेंगे;
- लेखांकन प्रतिवेदनों को तैयार करने लिये एक्सेस प्रक्रिया को लागू कर पायेंगे।

अध्याय 14 में आप लेखांकन प्रणाली के संदर्भ में डाटाबेस प्रारूप तैयार करने के लिये मूल सिद्धांतों के बारे में जान चुके हैं। इस अध्याय में डाटाबेस के कार्यान्वयन हेतु एम. एस. एक्सेस के मूल सिद्धांतों के बारे में, लेखांकन डाटाबेस के प्रयोग और प्रारूप को अध्याय 14 में मॉडल–I और मॉडल–II के रूप में प्रदर्शित तथा उसका वर्णन किया गया है। एम. एस. एक्सेस के संदर्भ में लेखांकन डाटाबेस प्रारूप को लागू करने की विस्तृत चर्चा नीचे की गयी है।

15.1 एम. एस. एक्सेस और उसके घटक

यह एक लोकप्रिय डाटाबेस प्रबंध पद्धति है जिसका प्रयोग डाटाबेस बनाने उसे एकत्र करने तथा उसके प्रबंध करने के लिये किया जाता है। इसको लोकप्रिय भाषा में एक्सेस भी कहा जाता है।

घटक

प्रत्येक घटक एक्सेस के प्रयोग द्वारा बनता है जो कि एक अभिलक्ष्य के लिये और कई अभिलक्ष्यों के साथ एक वर्ग का निर्माण करता है। एक्सेस की संक्रिया के लिये निम्नलिखित सात अभिलक्ष्यों के वर्गो में विभाजित किया गया है। प्रत्येक अभिलक्ष्य वर्गों जैसा उद्देश्य अभिलक्ष्य बनाने में सक्षम है।

- *सारणी:* इस अभिलक्ष्य वर्ग से डाटाबेस प्रारूप द्वारा डाटा सारणी को बना सकते हैं इनमें उनसे संबंधित क्षेत्र का नाम, डाटा प्रकार उनकी विशेषताऐ होती हैं।
- *पृच्छा:* यह अभिलक्ष्य वर्ग के समक्ष SQL के पृच्छा कथनों के साथ अथवा इसके बिना अभिलेखित उपयोगकर्ता *इंटरफेस* की

सहायता से सारणी को परिभाषित, डाटा भंडारण और डाटा तथा सूचना की पुन: प्राप्ति करते हैं।

- *प्रपत्र:* यह अभिलक्ष्य वर्ग एक उचित उपयोगकर्ता *इंटरफेस* बनाने जिससे डाटा के अंत में उचित रूप से संबंध स्थापित हो सके इसे सारणी तथा पृच्छा द्वारा परिभाषित किया जाता है।
- *प्रतिवेदन:* इस अभिलक्ष्य वर्ग द्वारा विभिन्न प्रकार की प्रतिवेदन को तैयार किया जाता है। इनका सूचना स्त्रोत सारणी, पृच्छा या इन दोनों पर ही आधारित होता है। ऐसे प्रतिवेदनों को एक्सेस में अन्तिम उपयोगकर्ता की आवश्यकतानुसार प्रारूपित की जाती है।
- *पृष्ठ:* इस अभिलक्ष्य वर्ग द्वारा डाटा अभिगत पृष्ठों को बनाने के लिये जिसे *इंटरनेट* के प्रयोग द्वारा किसी भी संगठन की *वेबसाइट* पर सफलतापूर्वक से भेजा जा सकता है अथवा *ई-मेल* द्वारा कुछ संगठनों के नेटवर्क पर भी भेजा जा सकता है।



चित्र 14.1: *एक्सेस में कार्यों को करने के लिये डाटा बेस विन्डो का उदाहरण*

- *स्थूलों:* स्थूल क्रमादेशन में अलग निर्देशों का प्रयोग करने वाले अभिलक्ष्य सूक्ष्म विमुखित कार्यों की सूची होती है, ये कार्यों के एक एकक के रूप में होते हैं। अभिगत ऐसे सूक्ष्म क्रमादेशन की व्यवस्था करता है।

- *प्रतिरूपक:* ये किसी भी अनुप्रयोग के लिये मुख्य आकार होते हैं और प्रारूप इनकी सहायता से क्रमादेशन (प्रोग्रामिंग) निर्देशों के समूह को तैयार कर सकता है इन्हें फलन या उपनेमका कहते हैं और इनका प्रयोग अनुप्रयोग द्वारा किया जा सकता है। फलन मूल्य को देते हैं जबकि उपनेमका किसी भी मूल्य को नहीं देता है। एक्सेस के माध्यम से ऐसे ही प्रतिरूपकों को तैयार कया जाता है।

प्रत्येक अभिलक्ष्य वर्ग के डाटाबेस फाइल (किसी नाम में) को प्रसारित **एम.वी.डी.** के साथ करते हैं। जब भी यह फाइल खोली जाती है तो एक डाटाबेस विन्डो (Windows) जिसे नीचे दर्शाया गया है। इनमें वाई ओर से तैयार सभी उपरोक्त अभिलक्ष्य वर्गों के साथ खुलता है। जब कभी भी विशेष अभिलक्ष्य वर्गो को बनाया जाता है तो ये दाईं ओर से इस विन्डो पर प्रत्येक अभिलक्ष्य क्लास (वर्ग) के सामने आ जाते हैं।

बॉक्स - 1

एम. एस. एक्सेस की क्षमताएँ

एक्सेस में विशेष क्षमताएँ होती हैं जो इसे एक आदर्श डाटाबेस प्रबंधन प्रणाली के समीप लाती है, इसकी क्षमतायें नीचे दी गयी हैं:

- व्यवस्थित रूप से डाटों को भण्डारित करना।
- डाटा अखण्डता निबंधों को लागू करना।
- डाटा के जटिल संबंधों को प्रतिनिधित्व करना।
- स्थाई भण्डारण के लिये डाटा संचय अभिलक्ष्य को उपलब्ध करना।
- डाटाबेस तक अनाधिकृत पंहुच पर रोक लगाता है।
- SQL के प्रयोग द्वारा डाटा के साथ अथवा बिना इसके शीध्र पुन: प्राप्ति की अनुमति देता है।
- बहुउपयोगकर्ता *इंटरफेस* बनाने में लचीला होता है।
- बहुउपयोगकर्ता और डाटा सहभागिता क्रियाकलाप संसाधन को उपलब्ध करता है।
- डाटा और सूचना के बहुदर्शकों को बढ़ावा देता है।

WEB COPY © BSTBPC NOT TO BE PUBLISHED

15.1.1 डाटाबेस तैयार करने में एक्सेस के मूल आधार

जब अव्यवस्थित डाटा से एक नया डाटाबेस तैयार किया जाता है वो डाटाबेस अभिलक्ष्य पर उनकी विशेषतायें संबंधों पर पूर्ण नियंत्रण होता है। डाटाबेस **बिजार्ड** (Wizard) का प्रयोग किये बिना नया डाटाबेस बनाने के लिये (यह एक्सेंस में स्वत: प्रक्रिया है) निम्नलिखित पदों का पालन करना जरूरी है:

- खाली एक्सेस डाटाबेस चुनने के लिये एक्सेस विन्डो खोलें और *ओ.के.* की बटन को क्लिक करें।
- एक्सेस फाइल डाटाबेस डाइलॉग बाक्स दिखायेगा जिसमें डिजाइनर को फाइल का नाम और डाटाबेस का नाम लिखना होगा इसके उपरान्त क्रिएट बटन अवश्य क्लिक करना चाहिए।
- यदि *कार्य पेन* (Task Pane) नहीं खुलता है तो मेन्यू सूची से फाइल में जायें ओर 'न्यू' पर क्लिक करें ताकि नया डाटाबेस बन सके।

15.1.2 एक्सेस में सारणी बनाना

एक्सेस में सारणी बनाने के लिये निम्नलिखित पदों तथा **सारणी** उद्देश्य के घटकों को समझना आवश्यक है। एक्सेस में **सारणी** उद्देश्यों पर क्लिक करें, **प्रारूप के अनुसार बनायी गयी सारणी** (Table by Design View) पर दो बार क्लिक करें फलत: इस पर सारणी *विन्डो* आयेगी जिसके ऊपर वाले भाग में तीन कालम: क्षेत्र का नाम, डाटा प्रकार और विश्लेषण होते हैं। ये बनायी जाने वाली सारणी की योजना तथा उसकी विवरणिका को परिभाषित करते हैं। इसकी प्रत्येक लाइन बनायी जाने वाली सारणी के कॉलम के अनुरूप होती है। किसी भी सारणी के दो प्रमुख अंग - क्षेत्र का नाम और डाटा प्रकार होते हैं।

(अ) *क्षेत्र नाम (Field Name):* यह सारणी के कॉलम का नाम होता है। कॉलम का नाम उसके सटे हुए वर्ण के अनुसार होना चाहिए। क्षेत्र नाम के कॉलम को पहचानने के लिये होता है जिसके बाद कॉलम का डाटा प्रकार आता है प्रारूप तैयार करने वाले की इच्छानुसार भी कॉलम का विवरण दे सकते हैं। एक बार डाटा परिभाषित होने के उपरान्त प्रारूप तैयार करने वाला फिर से सारणी विन्डो के नीचे वाले भाग में प्रत्येक कॉलम के बारे में दोबारा वर्णित कर सकता है।

(ब) *डाटा प्रकार (Data Type):* एक्सेस विभिन्न डाटा प्रकारों की सहायता करता है जिनका विवरण नीचे दिया गया है:

- *पाठ्यांश (Text):* यह अनेक वर्णों, शब्दों या संख्याओं के लिये प्रयोग किया जाता है। जिन्हें अंकगणितीय कॉलम में प्रयोग नहीं किया जा सकता है। एक पाठ्यांश के क्षेत्र में अधिकतम 255 वर्ण होते हैं। इसको बार-बार प्रयोग करने के कारण यह त्रुटि डाटा प्रकार भी देता है।
- *ज्ञापन (Memo):* इसका प्रयोग व्याख्यान को भंडारित करने के लिये होता है और 65,536 वर्ण को समायोजित कर सकता है। लेकिन इस डाटा प्रकार के क्षेत्र से डाटा अभिलेख की छटनी या संशोधित का भण्डारण नहीं हो सकता है।
- *संख्या (Number):* इसे संख्या के भण्डारण के लिये प्रयोग मे लाया जाता है ये पूर्ण संख्या (-32768 से 32767) बड़ी पूर्ण संख्याएं (-2, 147, 483, 648 से 2, 147, 883, 647), बाहर (0-255), एकल (दशमलव तक के मान की कुछ सीमा तक का भण्डारण), डबल (दशमलव वाली बड़ी संख्याओं को ठीक प्रकार से भण्डारित करने के लिये किया जाता है।
- *तिथि/समय (Time/Date):* इसका प्रयोग तिथि, समय अथवा दोनों के समूह को भण्डारित करने के लिये किया जाता है।
- *मुद्रा (Currency):* इसका प्रयोग डॉलर, रूपया और अन्य देशों की मुद्राओं की संख्या के रूप में भण्डारित करने के लिये किया जाता है।
- *स्वत: संख्या (Auto Number):* यह संख्यात्मक डाटा होता है जिसे एक्सेस द्वारा स्वत: ही प्रविष्ट कर दिया जाता है। इसका उस स्थिति में विशेष महत्व होता है जबकि सारणी में विभिन्न क्षेत्र अथवा संयुक्त क्षेत्रों के समुच्चय विशिष्ट रूप से नहीं होते हैं।

- *हाँ/नहीं:* यह किसी भी तार्किक क्षेत्र में केवल एक या दो वैकल्पिक उत्तरों को देने के लिये होता है इनका अन्तर हाँ/नहीं, शुरू/समाप्त, सत्य/असत्य के रूप में हो सकते हैं।
- *अ. शृ. ती. अभिलक्ष्य (OLE object):* अ. शृ. ती. का अर्थ *अभिलक्ष्य श्रृंखलन और तीव्रकरण* होता है। यह किसी एक वस्तु से संबधित होता है जो एक फोटोग्राफ, बार कोड का चित्रण या किसी अन्य सॉफ्टवेयर के अनुप्रयोग से बना दस्तावेज हो सकता है।
- *अत्यधिक जुड़ाव (Hyperlink):* इस प्रकार का डाटा *यूनीवर्सल रिर्सोस लोकेटर (URL)* और *ई-मेल* के पतो को भण्डारित करने के लिये होता है।

(स) *गुण:* किसी एक डाटा के पता चलने पर एक्सेस की मदद से प्रारूप तैयार करने वाले प्रत्येक कॉलम की विशेषता को पता कर सकता है। ये विशेषतायें दो प्रकार की होती हैं। साधारण और अवलोकन।

(i) साधारण पाठ्यांश डाटा के प्रकार के संदर्भ में साधारण विशेषतायें निम्न प्रकार से है:

- *क्षेत्र का आकार:* यह विशेषता किसी पाठ्यांश के क्षेत्र के मामले में एक कॉलम के अधिकतम स्वीकार्य गुणों से संबंधित है। संख्याओं के संबंध में वही विशेषतायें आवश्यकतानुसार भण्डारित किये जाते है जो उन संख्याओं के प्रकार को प्रदर्शित करते हैं।
- *फार्मेट (Format):* यह प्रदर्शित करते है कि क्षेत्रों के संपर्क को कैसे दिखाया जाये। इनको मानक प्रकार के फर्मेटों से अन्य फार्मेटों को भी चुना जाता है।
- *दशमलव की विशेषता:* इसका प्रयोग एकल, द्वितीयक व दशमलव वाली संख्याओं के लिये होता है।
- *निवेशी भेद बदलना:* डाटा प्रविष्टि के लिये फार्मेट जिनमें उनके स्थितिधारी तथा लेखन के विराम चिह्न होते हैं, इनको निवेशी भेद बदलना (इनपुट मास्क) कहते हैं। यह केवल पाठ्यांश व तिथि प्रकार के क्षेत्रों में काम आता है। इसका विशेष महत्व तब होता है जब प्रणाली में लेखांकन कोड हाइफन में बदल जाते हैं।
- *शीर्षक (Caption):* यह केवल एक लेबल होता है जिसका प्रयोग क्षेत्र में डाटापत्र के उद्देश्य तथा प्रपत्र व अभिलेख के लिये किया जाता है। यदि शीर्षक को खाली रखा गया तो क्षेत्र का नाम शीर्षक व्यतिक्रम हो जाता है और क्षेत्र लेबल का कार्य करने लगता है।
- *व्यतिक्रम मान (Default Value):* इसका प्रयोग डाटा अभिलेख में नयी एकक को दर्शाने के लिये किया जाता है। डाटा आइटम में प्रवेश करने के उपरान्त संक्रिया चालक हमेशा व्यतिक्रम मान के ऊपर लिख सकता है। व्यतिक्रम मान के क्षेत्र में सर्वाधिक प्रविष्टि की गई इकाई की मान होनी चाहिए।
- *पाठ्यांश और उसके बैद्यता का नियम:* वैद्यता का अर्थ डाटा से गलत प्रविष्टियों को छांटना और उनको हटाना होता है। इस लक्षण के द्वारा वैधीकरण का आधार निर्धारित किया जा सकता है।

© RSTBPC WEB COPY NOT TO BE PUBLISHED

यदि प्रविष्टि डाटा वैधीकरण के सिद्धान्त को पूरा नहीं करता है। तो वैधीकरण का पाठ्यांश दिखाया जाता है।

- *आपेक्षित और सूचित:* आपेक्षित लक्षण को **हाँ** अथवा **नहीं** में कोई एक मान दिया जाना चाहिए। जब क्षेत्र की आवश्यकता होती है तो **हाँ** को स्थिर किया जाता है और उपयोगकर्ता अभिलेखों को सुरक्षित करने से पहले क्षेत्र के डाटा में आवश्यक प्रविष्टि को सुनिश्चित कर लेता है। नहीं का अर्थ होता है कि क्षेत्र में डाटा में इकाई का प्रवेश **नहीं** चाहिए। दूसरे शब्दों में डाटा मान भी स्वीकार्य होता है। किसी क्षेत्र में सूचित का अर्थ उस क्षेत्र के अभिलेखो को शीघ्रता से छंटनी, खोज और एक तरफ कर उसे सुव्यवस्थिति करता है। प्राइमरी कुंजी हमेशा क्षेत्र को सूचित करती है तथा इस कुंजी को क्षेत्र के लिये एक्सेस में अपेक्षित गुण को 'हाँ' पर स्थिर करते है तथा सुचित गाुण के लिए 'हाँ' नहीं पर स्थिर रहता है। क्योंकि परिभाषा के आधार पर प्राइमरी-की को बिना शून्य ईकाई के विशेष मान रखना चाहिए।
- *शून्य लम्बाई की अुनमति (Allow Zero Lenth):* यह लक्षण केवल पाठ्यांश क्षेत्र के लिये होता है। इसे हाँ/नहीं द्वारा सुनिश्चित किया जाता है कि पाठ्यांश (शून्य लम्बाई) के मान की इकाई है अथवा नहीं।
- *अवलोकन (Lookup):* अवलोकन गुण का प्रयोग किसी क्षेत्र द्वारा किसी अन्य सारणी, प्रश्न या मान की सुनिश्चित सारणी से इसके मान को निकालने के लिये किया जाता है। मान्य मूल्यों की सारणी बॉक्स या कॉम्बों बाक्स के प्रयोग द्वारा प्रदर्शित किया जाता है। पाठ्यांश बॉक्स का अवलोकन व्यक्तिक्रम के प्रदर्शित होने पर नियंत्रित होता है। अवलोकन क्षेत्र को उस स्थिति में तैयार किया जाता है जब सारणियों के मध्य *फारेन-की* (अनेक स्थिति) *प्राइमरी-की* (एक स्थिति) एक या अनेक रूपों से संबंद्ध होती है। इसके अन्य प्रदर्श में नियंत्रण है - सारणी नियंत्रण तथा *कॉम्बो* नियंत्रण। जब अवलोकन में सारणी बॉक्स या कॉम्बो बॉक्स का प्रयोग प्रदर्श नियंत्रण के रूप में होता है तो पंक्ति स्त्रोत प्रकार (सारणी, पृच्छा या मान की सूची या क्षेत्र सूची) को उल्लेखित करना महत्वपूर्ण होता है। मान की सारणी कोष्ठक द्वारा अलग की जाती है। सारणी बॉक्स या कॉम्बो बॉक्स के संदर्भ में अतिरिक्त लक्षण बंधित कॉलम के पता लगाने के लिये होती है। जिनका मूल्य संदर्भ के रुप में इस क्षेत्र के लिये कॉपी किये जाते हैं। सारणी बाक्स या कॉम्बो बाक्स के लिये कॉलम संख्या द्वारा इन्हें निर्धारित करते हैं।
- किसी विशेष सारणी के लिये प्रत्येक कॉलम की उपरोक्त सभी शर्तो को दोहराना आवश्यक है।
- सारणी के सभी कॉलमों को परिभाषित करने के लिये बाद सारणी की प्राइमरी कुंजी को कॉलम में बताया जा सकता है। क्योंकि कोई भी कॉलम विशेष डाटा मूल्य के लिये हो सकता है। क्षेत्र में *सही क्लिक* करके इस तक पहुँचा जा सकता है। यदि एक से अधिक क्षेत्र *प्राइमरी कुंजी* का रूप लेते हैं तो नियंत्रण की कुंजी क्लिक करके पहले क्षेत्र को चुनें तथा एक-एक करके किसी उसी क्रम में अन्य क्षेत्रों पर क्लिक करें जिसमें कि *प्राइमरी-की* को तैयार करते हैं।

- इसके उपरान्त चुने हुऐ क्षेत्रों को प्राइमरी-की को चिह्नित करने के लिये चुने हुए क्षेत्रों पर *राइट क्लिक* करें। सारणी मद को सुरक्षित करने के लिये मेन्यू पर **फाइल** में क्लिक करें तथा **सुरक्षित** विकल्प कर क्लिक करें इसके जबाब में एक्सेस सारणी का कल्पनिक व्यक्तिक्रम नाम को प्रदर्शित होता है। एक्सेस द्वारा दी गयी सारणी के नाम पर *ओ.के.* क्लिक करके उसे स्वीकार्य किया जा सकता है। जिससे सारणी तैयार होती है, और सारणी अभिलक्ष्य के दायीं और सारणी होती है।
- प्रत्येक अन्य सारणी जो डाटाबेस प्रारूप का हिस्सा होती है उनको उपरोक्त विधि द्वारा पूर्ण किया जाता है।

  उपरोक्त वर्णित विषय को चार भागों में विभाजित किया गया है लेखांकन डाटाबेस के लिये सारणी तथा संबंध बनाने चाहिए। प्रमाणक व प्रपत्र, सूचना में पृच्छा (क्वेरी) का प्रयोग और लेखा अभिलेख बनाना शामिल है।

15.2 लेखांकन डाटाबेस के लिये सारणी तथा संबंध को बनाना

इस अध्याय में डाटाबेस के घटकों के संदर्भ में उपरोक्त विवरण में दिये गये डाटाबेस प्रारूप की चर्चा की गयी है। इसकी विशेष सारणी संरचना तथा परस्पर संबंध डाटाबेस प्रारूप के कार्यान्वयन के कारण है। ऐसे कार्यान्वयन मॉडल के विषय में पिछले अध्याय में विविध प्रकार के वाऊचरों के लिये विस्तार से विवरण दिया गया है।

15.2.1 साधारण लेन-देन प्रमाणकों के लिये डाटाबेस प्रारूप

पिछले अध्याय के चित्र सं. 14.24 (मॉडल-I) में दिये गये प्रारूप के अनुसार *पाँच* प्रकार की डाटा सारणियां होती हैं: कर्मचारी, लेखा, प्रमाणक, सहायक और लेखा प्रकार कार्यान्वयन के उद्देश्य से प्रत्येक सारणी का उसके भण्डारण संरचना के आधार पर उसके कॉलम नाम, डाटा प्रकार तथा उसके गुणों के अनुसार निम्नलिखित वर्गीकृत किया गया है:

(अ) *लेखा प्रकार:* इस सारणी में दो कॉलम होते हैं कैट आई डी तथा वर्गीकरण

- *कैट आई. डी. (CatID):* लेखा प्रकार सारणी का यह कॉलम खाते के वर्गीकरण का मूल्य बताने के लिये किया जाता है लेखा प्रकार के गिने-चुने नम्बर होने के कारण इन्हें संख्या के रुप में दिया जाता है। इस क्षेत्र के डाटा प्रकार को सुरक्षित रुप से नम्बर/बाइट में लिखे जा सकते हैं। यह क्षेत्र प्राइमरी की के रुप में प्रारूप को तैयार किया जाता है। क्योंकि वर्गीकरण के अभिलेख के समूह में ये विशेष को मूल्य को प्रदर्शित करते हैं।
- *वर्गीकरण:* यह क्षेत्र के वर्गीकृत खाते जैसे व्यय, आगम, संपत्ति व दायित्व तथा जिम्मेदारी वाले गुणों को एकत्र करने के लिये प्रयोग में लाये जाते हैं। इसका डाटा प्रकार **पाठ्यांश** के रूप में होना चाहिए जिसके क्षेत्र का आकार 15 गुणों का होना चाहिए।

© BSBPC NOT TO BE PUBLISHED

(ब) लेखा: इस सारणी में तीन कॉलम होते हैं: कोड, नाम और प्रकार

- *कोड:* एक विशेष कोड द्वारा खाते को पहचाना जाता है। इस कॉलम का प्रयोग करके इसे एकत्र किया जाता है। इस डाटा प्रकार को पाठ्यांश से चुना जाता है क्योंकि कॉलम इस संख्या को एकत्र करने के लिये होते हैं। जब कि इनकी गणना इसमें नहीं होती है। इसके क्षेत्र का आकार छः गुणों का होता है क्योंकि प्रत्येक खाते को छः अंको द्वारा तैयार किया जाता है। ये मूल्य में अद्वितीय होने के कारण यह क्षेत्र एक अच्छा प्राइमरी-की क्षेत्र हो सकता है। शून्य आकार की स्वीकृत (zero length alllow) के गुण नहीं (No) पर स्थिति होना चाहिए। इस क्षेत्र के **सूचकांक** (index) गुण को (नकली नहीं) हाँ पर स्थिति होना चाहिए। इसका अर्थ होता है कि डाटाबेस स्वतः ही इस क्षेत्र का आंतरिक सूचकांक बनाता है। जिससे डाटा अभिलेख को खोजने में समय नहीं लगता है। इसके द्वारा नकली अभिलेख व्यक्त नहीं किये जाते हैं क्योंकि सूचकांक अद्वितीय मूल्य, के कोड पर आधारित है।
- *नाम:* लेखांकन प्रणाली में प्रत्येक खाते का एक नाम होता है। इसके कॉलम में खाता नाम एकत्र किया जाता है। खाता के कोड से खाते का नाम पता किया जाता है। इसके डाटा प्रकार को **पाठ्यांश** कहा जाता है। क्योंकि इसके बहुत से गुण होते हैं इसके क्षेत्र के आकार में 30 गुणों तक के समूह में रखना चाहिए। यह खाता के नाम लिखने के लिये पर्याप्त होता है।
- *प्रकार:* खाता प्रकार सारणी में एकत्र किये जाने के आकार पर प्रत्येक खाते को किसी खाता प्रकार से संबंधित होना चाहिए। यह खाता प्रकार सारणी से संबंधित कैट आई. डी. के क्षेत्र के लिये फारेन की होती है। इसका खाता प्रकार और अन्य गुणों के समान होना चाहिए। इसके अतिरिक्त इसके संकेत गुण को 'हाँ' पर होना चाहिए। ऐसा डाटा सारणी में मूल्य प्रकार के विशेष में न होने से होता है क्योंकि खाता नंबर किसी विशेष खाता प्रकार से हो सकता है तथा सामान्य वर्ग आई.डी. को डाटा मूल्य के रूप में क्षेत्र प्रकार में एकत्र कर सकता है। खाता प्रकार सारणी को कैट आई. डी. कॉलम और खाता सारणी के प्रकार कॉलम से संबंधों को परिभाषित होने चाहिए ताकि संबंधित अखण्डता बनी रहे।

(स) कर्मचारी: यह सारणी संस्था के कर्मचारियों से संबंधित डाटा को एकत्र करती है। इसमें निम्नलिखित आठ कॉलम होते हैं:

- *कर्मचारी आई. डी.:* प्रत्येक कर्मचारी को कर्मचारी आई. डी. द्वारा पहचाना जाता है। कर्मचारी सारणी में कॉलम के रूप में प्रत्येक कर्मचारी की पहचान को एकत्र किया जाता है। इस कॉलम का डाटा प्रकार पाठ्यांश में रहता है जिसका क्षेत्र आकार चार के समान होता है। विशेष मूल्यों को एकत्र करके और कर्मचारी के अभिलेख को पहचाने में समक्ष होने के कारण यह क्षेत्र की प्राइमरी-की कहलाता है। इसके **आपेक्षित गुण** (required property) को **हाँ** पर स्थित होना चाहिए। **स्वीकृत शून्य आकार गुण** को नहीं पर स्थिति होना चाहिए। इसके साथ संकेत गुण को **हाँ** पर होना चाहिए।

- *प्रथम नाम:* यह कॉलम कर्मचारी के प्रथम नाम से (F Name) संबंधित होता है तथा इसके डाटा प्रकार को पाठ्यांश के रूप में लिया जाता है। क्योंकि इसमें वर्णमाला के अनुसार इनको एकत्र करते हैं। इसके क्षेत्र का आकार 10 होता है। क्योंकि ऐसा माना जाता है कि कर्मचारी का प्रथम नाम इस क्षेत्र आकार में रखा जा सकता है। **आपेक्षित गुणों** को हाँ पर रखते हैं। तथा **शून्य आकार गुण** को नहीं पर रखते हैं इससे यह सुनिश्चित होता है कि प्रत्येक कर्मचारी का प्रथम नाम होता है और प्रथम नाम के बिना कोई भी कर्मचारी का अभिलेख को एकत्र या भण्डारित नहीं किया जा सकता है।
- *मध्य नाम (M Name):* यह कॉलम कर्मचारी के मध्य नाम को भण्डारित करने के लिये होता है। इसका डाटा प्रकार **पाठ्यांश** में होता है। इसके क्षेत्र की चोड़ाई 10 के बराबर होती है। **आपेक्षित गुण** को **'नहीं'** पर स्थित किया जाता है और **शून्य आकार गुण** (zero length property) को **'हाँ'** पर स्थित किया जाता है ताकि बहुत से कर्मचारी अपना मध्य नाम एक समान न रख सके इसलिये इस क्षेत्र के मूल्य को भण्डारित करना ऐच्छिक हो जाता है।
- *अंतिम नाम :* यह कर्मचारी के अंन्तिम नाम को भण्डारित करता है। जिसमें सारणी की संरचना में इसे शामिल किया जाता है। इस कॉलम का डाटा प्रकार **पाठ्यांश** में होता है। इसके क्षेत्र का आकार 10 के समान होता है। **आपेक्षित गुण** को **'नहीं'** पर तथा शून्य **आकार गुण** को **'हाँ'** पर स्थित करना होगा इसके पीछे मध्य नाम वाला कारण ही है।
- *फोन नंबर:* यह कॉलम कर्मचारी के फोन नंबर को भण्डारित करने के काम में लाया जाता है। इसके डाटा प्रकार **पाठ्यांश** में होते हैं। इसके क्षेत्र का प्रकार 12 के समान होता है। आपेक्षित गुण को नहीं पर तथा **शून्य आकार गुण** को **'नहीं'** पर स्थित होता है। इसका अर्थ यह है कि इस क्षेत्र में शून्य मूल्य की छूट होती है क्योंकि बहुत से कर्मचारियों के पास फोन नंबर नहीं होता है।
- *सुपर आई. डी.:* कर्मचारी सारणी संरचना में यह कॉलम सुपरवाइजर या कर्मचारी का अधिकारी के कर्मचारी आई.डी. से संबंधित होता है। इसका डाटा प्रकार पाठ्यांश में होता है। इसकी चौड़ाई चार कर्मचारी आई. डी. के समान होती है। इसकी **आपेक्षित गुण 'नहीं'** पर तथा **शून्य स्वीकृत गुण** को **'हाँ'** पर रखा जाता है। अर्थात शून्य मूल्य भी इसमें मान्य होता है। ऐसा इसलिये होता है क्योंकि संस्था के मुख्य अधिकारी के ऊपर कोई भी अधिकारी नहीं होता है। ऐसी स्थिति को समायोजित किया जा सके।

(द) *प्रमाणक:* यह सारणी प्रमाणक में दिये गये सौदों के डाटा को भण्डारित करने के लिये बनाई जाती है। इसमें 9 कॉलम होते हैं इन कालमों की जानकारी नीचे दी गयी है।

- *प्रमाणक संख्या:* यह कॉलम विशेष प्रकार के सौदों के प्रमाणक संख्या को भण्डारित करने के लिये तैयार किया जाता है। इसका डाटा प्रकार नंबर में हो सकता है। यदि नंबर में अंक प्रत्येक प्रमाणक में हो फिर भी इसका डाटा प्रकार को पाठ्यांश में माना जाता है। क्योंकि यह किसी भी प्रकार के नंबर, कोड अथवा आर्डर प्रणाली (नंबर, एल्फा नंबर), प्रपत्र संदर्भ के लिये उत्तरदायी होते हैं।

WEB COPY © RSTBPC NOT TO BE PUBLISHED

इसकी चौड़ाई छः के बराबर हो सकती है। बायें से प्रथम दो स्थान माह के लिये तथा चार स्थान प्रत्येक सौदे को लिखने के लिये सुनिश्चित किये जाते हैं। यह कॉलम विशेष मूल्यों के लिये तैयार किया जाता है। जिससे सारणी की प्राइमरी की का प्रारूप बनता है। इसके अनुसार इसी मूल्य को शून्य (रिक्त) नहीं किया जा सकता है इसलिये **शून्य आकार स्वीकृत** के गुण को **'नहीं'** तथा **आपेक्षित गुण** को **'हाँ'** पर स्थित रखते हैं। यद्यपि इसके डाटा प्रकार पूर्णांक सहित होते हैं जब अंक फलन जैसे Dmax 0 द्वारा अधिकतम मूल्यों वाले प्रमाणकों को स्वतः चालित बनाये रखते हैं।

- *नामः* यह कॉलम के अनुरूप कोड को भण्डारित करने के लिये तैयार किया जाता है। इसमें सौदों को अभिलेखित करते समय खाते में स्वयं ही आ जाता है। क्योंकि यह **कोड** कॉलम का संदर्भ देती है। जो उपरोक्त दिये गये **लेखा** सारणी में प्राइमरी-की के रूप में होती है। यह **प्रमाणक** सारणी में फारेन-की के रूप में कॉलम में होती है। कॉलम का डाटा प्रकार तथा लेखा सारणी के गुण को कोड कॉलम के अनुसार होना चाहिए। लेकिन इसके अतिरिक्त **संकेत गुण** को **'हॉ'** पर होना चाहिए। संदर्भ अखण्डता को बनाये रखने के लिये लेखा सारणी के कोड कॉलम तथा प्रमाणक सारणी के नाम कॉलम के मध्य संबंध होना चाहिए।
- *राशिः* यह कॉलम सौदों के राशि को भण्डारित करने के लिये होते हैं। खातों में नाम तथा जमा सामान्य है इसका डाटा प्रकार नंबर हो सकता है और क्षेत्र का प्रकार दुगना होता है इसके प्रपत्र का मानक होता हैः दशमलव को 2, अमानक मूल्य 0.00 वैकल्पिक रूप से इसके डाटा प्रकार को मुद्रा में चुना जा सकता है। ऐसी स्थिति में इसके प्रपत्र को मुद्रा या दशमलव के दो स्थान तक मानित किया जाता है।
- *प्रमाणक तिथिः* यह कॉलम सौदों की तिथि **समय** को भण्डारित करती है। इसका डाटा प्रकार तिथि के साथ मध्य तिथि प्रपत्र (dd-mm-yy) पर स्थित होता है। अमानित मूल्य समूह = 0 वर्तमान तिथि को वास्तविक समय के साथ शीर्षक गुण पर तिथि को स्थापित किया जाता है।
- *जमाः* यह कॉलम खाता के अनुरूप सौदों के जमा के अभिलेख को भण्डारित करता है। जिस प्रकार से नाम कॉलम को लेखा सारणी के साथ कॉलम सभी गुणों को बनाता है उसी विधि के अनुसार इसे भी तैयार किया जाता है।
- *आख्यानः* इस कॉलम में प्रकथन को भण्डारित किया जाता है। इसका डाटा प्रकार पाठ्यांश में होता है। जिसका क्षेत्र आकार 100 अक्षर का होता है, **आपेक्षित गुण** को **'नहीं'** तथा **आकार को 'हाँ'** पर स्थिति किया जाता है और संकेत को **'नहीं'** पर रखा जाता है। यदि आख्यान 255 अक्षर से अधिक है तो इसके डाटा प्रकार को **मैमो** पर स्थित किया जाता ताकि प्रकथन में 65,536 अक्षर (लगभग 65 पृष्ठ) के बराबर रखा जा सके।
- *द्वारा तैयारः* यह कॉलम प्रमाणक तैयार करने वाले कर्मचारी की पहचान को भण्डारित करता है। इस क्षेत्र का डाटा प्रकार तथा अन्य गुण कर्मचारी आई.डी. के समान होता है। इसके अतिरिक्त संकेत गुण को **'नहीं'** पर स्थित करते हैं। प्रारुप के अनुसार यह कॉलम कर्मचारी सारणी को *कर्मचारी आई.डी.*

WEBCOPY NOT TO BE PUBLISHED

के कॉलम को प्रदर्शित करते हुए फॉरेन कुंजी के रुप में जानी जाती है। संदर्भ अखण्डता को बनाये रखने के लिये **कर्मचारी** सारणी में कर्मचारी आई.डी. कॉलम से संबंध प्रदर्शित करना चाहिए।

- *द्वारा अधिकृत:* यह कॉलम कर्मचारी की पहचान को भण्डारित करने के लिये होता है, जिसे प्रमाणक के लिये अधिकृत किया गया है। यह कॉलम **'द्वारा तैयार'** के समान होता है। इसलिये कर्मचारी आई.डी. के साथ इसका डाटा प्रकार, गुण और संबंध ठीक **'द्वारा तैयार'** के समान होते हैं।
- *सहायक:* इस सारणी की संरचना प्रमाणक के साथ जुड़े दस्तावेजों के विवरण के लिये भण्डारित किया जाता है। इसको चार कॉलम द्वारा तैयार किया जाता है।
- *प्रमाणक संख्या:* यह कॉलम प्रमाणक संख्या को भण्डारित करने के लिये होता है जिसके साथ दस्तावेज लगा हो। इसका डाटा प्रकार प्रमाणक संख्या जैसा ही होता है क्योंकि इसके कॉलम संदर्भ अखंडता को बनाये रखता है। जिससे इसका मूल्य शून्य नहीं हो सकता है। इसलिये इसकी **शून्य स्वीकृत आकार** के गुण को **'नहीं'** तथा आपेक्षित गुण को **'हाँ'** पर स्थित करना चाहिए। क्योंकि इसके साथ एक से अधिक दस्तावेज हो सकते हैं। इस कॉलम में भण्डारित मूल्य अद्वितीय नहीं हो सकते क्योंकि कॉलम इसकी प्राइमरी-की नहीं होती है।
- *क्रम संख्या:* यह कॉलम सारणी संरचना की क्रम संख्या 1. 2. 3..... के साथ लगे दस्तावेजों के क्रम को भण्डारित करती है। सभी प्रमाणकों पर क्रम संख्या होने के कारण इसके क्षेत्र में दोबारा या नकली मूल्य हो सकते हैं। यद्यपि दोनों कॉलम: S v no और S no के साथ विशेष मूल्य को बनाये रखते हैं। क्योंकि प्रत्येक प्रमाणक के लिये क्रम संख्या उस पर क्रमशः लिखे रहते हैं। और इसी कारण से विशेष हो जाते हैं। इस सारणी में दोनों कॉलम को एक साथ *प्राइमरी-की* घोषित करने की आवश्यकता पड़ती है।
- *डी नाम:* इस कॉलम का संबंध दस्तावेज के नाम से होता है। इसका डाटा प्रकार **पाठ्यांश** में होता है। जिसके क्षेत्र का आकार 30 के समान होता है जिससे दस्तावेजों के नामों को पूर्णतः समायोजित कर दिया जाता है।
- *एस तिथि:* यह कॉलम दिये गये सहायक दस्तावेजों के दिनांक को प्रदर्शित करता है। इसका डाटा प्रकार **तिथि/समय** होता है इसके प्रपत्र को मध्य तिथि के साथ **आपेक्षित गुण** तथा **संकेत गुण** को **'नहीं'** पर स्थापति किया जाता है।

15.2.2 मिश्रित प्रमाणक की संशोधित रूप रेखा

इसकी दो सारणी होती हैं: मुख्य प्रमाणक और प्रमाणक विवरण

(अ) *मुख्य प्रमाणक:* इस सारणी का प्रयोग प्रत्येक सौदे को अभिलेखित तथा भण्डारित करने में होता है। इस सारणी की प्रत्येक पंक्ति द्वारा उन डाटा मदों के प्रमाणक को प्रदर्शित किया जाता है, जो बाह्य रुप से प्रमाणक जमा या प्रमाणकों के समूह पर नहीं होते हैं। इसमें प्रमाणक सं, खाता कोड, वी. तिथि द्वारा तैयार, द्वारा अधिकृत और प्रकार शामिल होते हैं।

© IGNOU WEBCOPY NOT FOR PUBLISHED

- *खाता कोड:* इस कॉलम में पूरक खाता कोड से संबंधित वो जानकारियां होती हैं, जिनमें नाम खाता में जमा प्रमाणक तथा जमा खाता में नाम प्रमाणक से संबंधित विवरण होता है। नाम प्रमाणक में नाम खाते नाम खाता समूह (जाल) में दर्शाया जाता है। इनमें पूरक खाते वो खाते हैं जिनमें जमा सौदों के प्रतिवेदन को दर्शाया जाता है। इसी प्रकार से जमा प्रमाणक में जमा खाते, जमा खाता समूह (जाल) को दर्शाया जाता है इनमें पूरक खाते वो खाते हैं जिनमें नाम सौदों को प्रतिवेदित को दर्शाया जाता है। अत: पूरक नाम खाते इस कॉलम में रखे जाते हैं। इस कॉलम को फॉरेन-की की तरह भी प्रयोग में लाया जाता है। क्योंकि ये खाता सारणी की प्राइमरी-की को दर्शाता है इसका डाटा प्रकार और गुण खाता सारणी के कोड कॉलम के तरह होना चाहिए। इसके अतिरिक्त संकेत गुण को **'हाँ'** पर स्थापित करना चाहिए और क्षेत्र का प्रकार के डाटा मूल्य को कोड मूल्य के साथ खाता कोड में भण्डारित होती है।
- *प्रकार:* इस कॉलम का प्रयोग शून्य (0) मूल्य (नाम प्रमाणक) **अथवा एक** (1) मूल्य (जमा प्रमाणक) के लिये किया जाता है। अत: इसका डाटा प्रकार को **नंबर की चौड़ाई** पर स्थित कर देते हैं जिसके क्षेत्र Byte में होता है। इस कॉलम की उपयोगिता बहुत ज्यादा है और इस कारण से इनकी संख्याओं को भण्डारित करते समय काफी सावधानी रखनी चाहिए और इसके खाता प्रतिवेदन को बनाने में इसका प्रयोग किया जाता है। इस कॉलम के असुरक्षित प्रयोग से लेखांकन के नियमों का उल्लंघन हो सकता है। प्रमाणक सं., तिथि, द्वारा अधिकृत, और द्वारा तैयार के गुण और डाटा प्रकार वैसे ही होने चाहिए जैसे कि साधारण प्रमाणक के प्रारुप को प्रमाणक सारणी में दिखाया गया है। जबकि प्रमाणक न. कॉलम के पास एक अतिरिक्त महत्ता है क्योंकि यह प्रमाणक विवरण सारणी के प्रमाणक संख्या के कॉलम द्वारा इंगित किया जाता है।

(ब) प्रमाणक विवरण

- *प्रमाणक विवरण:* इस सारणी में प्रमाणक के उन डाटा मदों को भण्डारित करते हैं जो नाम अथवा जमा प्रमाणक के समूह (जात) में दर्शाये जाते हैं। जब कि प्रमाणक की कुल राशि को भण्डारित नहीं करते हैं क्योंकि यह प्रमाणित डाटा होता है इसमें प्रमाणक सं., क्रमश:, कोड, राशि और आख्यान को कॉलम में शामिल किया जाता है।
- *प्रमाणक संख्या:* इस कॉलम में प्रमाणक मुख्य सारणी के नाम/जमा रिकार्ड के प्रमाणक संख्या को भण्डारित करते हैं जो कि जमा/नाम प्रविष्टयों अथवा प्रमाणक विवरण सारणी से संबंधित हो। इसका डाटा प्रकार प्रमाणक मुख्य सारणी के प्रमाणक, संख्या की तरह होना चाहिए क्योंकि यह कॉलम संदर्भ अखण्डता को प्रमाणक खाते के लिये मुख्य सारणी की प्रमाणक संख्या को इंगित करता है। इसका मूल्य शून्य नहीं हो सकता है और इस लिये इसकी **स्वीकृत शून्य आकार** की पर स्थित करना चाहिए साथ में **आपेक्षित गुण** को **'हाँ'** पर रखना चाहिए। चूँकि **प्रमाणक मुख्य** सारणी के प्रत्येक जमा/नाम प्रविष्टि के लिये एक से अधिक नाम/जमा प्रविष्टियों हो सकती है।
- *क्रम संख्या:* इस कॉलम की सारणी संरचना में भण्डारित क्रम से 1, 2, 3, ... संबंधित नाम/जमा प्रविष्टियों को लेखांकन प्रमाणक के समूह, जमा अथवा नाम को शामिल किया जाता है।

WEB COPY - NOT TO BE PUBLISHED

इस क्षेत्र में नकली मूल्य (Duplicate Value) भी आयेगा क्योंकि प्रविष्टियों की क्रम संख्या प्रमाणकों की क्रम संख्या के समान हो सकती है। फिर भी दोनों कॉलम: प्रमाणक संख्या और क्रम संख्या एक साथ अद्वितीय मूल्य प्रदान करता है। क्योंकि प्रमाणक के प्रत्येक प्रविष्ट को क्रमश: अंकित किया जाता है जिससे ये अद्वितीय हो जाते है। इस सारणी में दोनों कॉलम को प्राइमरी-की तरह प्रयोग किया जाता है।

- *कोड:* इस कॉलम में खाता कोड को भण्डारित किया जाता है जिसमें नाम प्रमाणक को नाम खाता तथा जमा प्रमाणक को जमा खाता के संदर्भ में दर्शाया जाता है। यह कॉलम फॉरेन-की कॉलम भी है क्योंकि यह **खाता सारणी** के कॉलम के *प्राइमरी-की* से संबंधित है इसकी डाटा प्रकार व गुण खाता सारणी के कॉलम कोड के समान होती है इसके अतिरिक्त **संकेत** गुण को **हाँ** पर स्थापति करना चाहिए। इसके डाटा मूल्यों के क्षेत्र को कोड मूल्यों तक सीमित रखते हैं जो लेखा सारणी में कॉलम के - डाटा प्रकार के **राशि व आख्यान** और, ये गुण प्रमाणक सारणी के समान ही होते हैं जिन्हें पहले ही विस्तार से बताया जा चुका है।

15.3 प्रमाणक के प्रपत्र का प्रयोग

इस भाग में एक्सेस में प्रपत्र को एक्सेस के मूलभूत आधार पर तैयार करना शामिल है। प्रमाणक प्रारुप को एक्सेस उद्देश्य और गुण में रूपांतरित करना, तथा प्रमाणक के लिये प्रपत्र तैयार करना भी शामिल है।

15.3.1 प्रपत्र को तैयार-करने के लिये एक्सेस के मूल आधार

एक्सेस में तैयार व विकसित किये गये प्रपत्र को निम्नलिखित उद्देश्यों के लिये प्रयोग मे लाया जा सकता है।

- *डाटा प्रविष्टि:* प्रपत्र का प्रयोग डाटा की प्रविष्टी, संपादित और दर्शाने में किया जाता है।
- *प्रार्थना पत्र:* प्रपत्र द्वारा प्रार्थना पत्र को दिशा निर्देश दिया जाता है।
- *उपभोक्ता संवाद बाक्स:* इसका प्रयोग संदेशों को उपयोगकर्ता तक अथवा क्वेरी पर आधारित उपभोगता के संदेशों को उन तक पहुँचाता है।
- *मुद्रण सूचना:* इससे डाटा प्रविष्टि सूचना की मुद्रित कॉपी को निकालने के प्रयोग में लाया जाता है।

इससे यह ज्ञात होता है कि एक्सेस में प्रपत्र का प्रयोग केवल डाटा के प्रविष्टि में किया जा सकता है। एक्सेस में प्रपत्र का सामान्य प्रयोग डाटा के दर्शाने तथा उसके संशोधन व नये डाटों को अभिलेखित करने के लिये प्रयोग में लाया जाता है।

15.3.2 साधन बॉक्स और प्रपत्र नियंत्रण

साधन बाक्स में दिये गये उद्देश्यों का समूह है जो कि प्रपत्र पर स्थान्तिरित करने पर कुछ नया अर्थ अथवा इसे फलित करने को प्रदान करें। एक प्रपत्र को इस प्रकार से उसके प्रारुप को तैयार किया जाता है जिसमें कि ऐसे नियंत्रणों को रखा जाता है जिनके स्वयं के कार्य और गुण होते हैं।

© PSTBPC WEB COPY NOT TO BE PUBLISHED

15.3.3 नियंत्रण के गुण

प्रत्येक प्रपत्र नियन्त्रण रुप अपने गुणों के समूह के साथ एक पूर्ण वस्तु है जो कि वस्तु के आकार, नाम, व्यवहार तथा उसके क्रियाकलापों को निर्धारित करता है। इन वस्तुओं के गुणों को तीन श्रेणीयों में बाटा जाता है। संरुप, डाटा तथा अन्य समस्त उपरोक्त गुणों सभी नियन्त्रणों पर प्रयोग नहीं किया जा सकता है। इन वस्तुओं को कुछ प्रमुख गुणों की नीचे व्याख्या की गई है:

(अ) संरूप गुण: कुछ मुख्य गुणों की निम्न प्रकार के व्याख्या की गई है-

- *संरूप ढाचा:* यह नियन्त्रण में डाटा को दर्शाने के तरीकों को निर्धारित किया जाता है। यह गुण इसको इसके डाटा के रेखांकित स्त्रोतों द्वारा स्वयं प्राप्त करते हैं। यह एक प्रकार का समुच्चय संरूप डाटा जो तीन अवस्थाओं में प्रयोग में लाया जाता है। प्रथम जब गुण रेखांकित क्षेत्र के लिए उपर्युक्त नहीं होता, द्वितीय जब रेखांकित क्षेत्र के ढांचे का प्रबन्धन अत्यधिक हो जाता है, तीसरा जब एक नियन्त्रण, जो कि किसी रेखांकित डाटा क्षेत्र से बाध्य नहीं होता तो इसे एक विशेष विधि द्वारा प्रकट किया जाता है।
- *दशमलव स्थान:* यह गुण दशमलव स्थान के अंकों को प्रदर्शित करता है। जहाँ तक कि नियंत्रण एक अंकिय डाटा को प्रदर्शित करने के लिए होता है। इसका प्रयोग संरुप गुण के साथ सम्मिश्रित रूप से करके अंकिय डाटा के अंन्तिम उपस्थिति की व्याख्या करने के लिए होना चाहिए।
- *शीर्षक:* शीर्षक गुण, नाम पत्र, आदेश बटन तथा *टॉगल बटन* पर प्रयोग होती है, यह गुण यह निर्धारित करता है कि लेबल नियंत्रण के संदर्भ में प्रिन्टेड विषय में शीर्षक गुण का प्रयोग किया जाता है। विषय नियन्त्रण के शीर्ष पर होगी।
- *प्रत्यक्ष :* यह गुण यह निर्धारित करता है कि प्रारुप के साथ नियंत्रण को प्रदर्शित होना चाहिए अथवा छिपे हुए प्रारुप को पुन: प्रदर्शित करें, यह गुण आवश्यकता के अनुसार नियंत्रण को शर्तो के साथ प्रस्तुत किया जा सकता है।
- *खाका गुण (बांया, ऊपरी, चौड़ाई ऊँचाई):* इसका प्रयोग नियंत्रण सिद्धांत और नाप को निर्धारित करने में होता है।
- *पृष्ठ भूमि का रंग और उसकी शैली:* पृष्ठ भूमि का रंग गुण नियंत्रण के पृष्ठभूमि के रंग को, लेख के रंग के विपरीत दर्शाता है। यह गुण नियंत्रण द्वारा आकार की पृष्ठभूमि के रंग को दर्शाता है जब यह पारदर्शीय होती है। तय प्रपत्र की पृष्ठभूमि को नियंत्रण के मध्य से रंग सकते हैं।
- *विशेष प्रभाव:* यह गुण नियन्त्रण की उपस्थिति में त्री-आयामी प्रभाव प्रदान करता है। इस गुण के विकल्प है — समतल, उठा हुआ, डुबा हुआ, खुदा हुआ, छायांकित तथा उत्कीर्ण, इनमें से प्रत्येक प्रभाव नियंत्रण को एक अलग रूप देता है।
- *सीमा गुण (शैली, रंग तथा प्रभाव):* यह गुण नियंत्रण की सीमा की शैली, रंग तथा मोटाई को प्रभावित करने में सक्षम है। सीमा शैली के विकल्प है — पारदर्शिता, मजबूती, बिन्दु आदि सीमा रंग गुण सीमा के रंग को दर्शाता है तथा इसे विभिन्न रंगों में से चुना जा सकता है। सीमा चौड़ाई

© BSTBPC WEB COPY NOT TO BE PUBLISHED

गुण विभिन्न आकार के बिन्दुओं से चुना जाता है। जब सीमा शैली को पारदर्शिता पर स्थापित किया जाता है तब इसकी रंग तथा चौड़ाई गुण को बिना ध्यान दिये कर दिया जाता है।

- *सामने का रंग:* इस गुण का प्रयोग पाठ्यांश के रंग को निश्चित करने में किया जाता है।
- *अक्षर प्रकार गुण (नाम, आकार, भार, तिरछा, रेखांकित):* ये गुण किसी नियंत्रण में पाठ्यांश की उपस्थिति को नियंत्रित करते हैं। यह अक्षर के आकार को भी प्रभावित कर सकता है।
- *पाठ्यांश पंक्तिबद्ध:* पाठ्यांश पंक्तिबद्ध गुण विधियों को प्रभावित करता है जो किसी नियंत्रण में डाटा को पंक्तिबद्ध करते हैं। इसे साधारण दायें, बायें, बीच और बासे में से चुना जाता है।
- *किनारा (ऊपरी, दायाँ, बायाँ, आधार):* यह गुण नियंत्रण के लेख की उपरी, दायीं, बायीं, तथा तलीय दूरी को निश्चित करता है जब इसका प्रयोग field memo के पाठ्यांश वाक्य के लिये होता है।
- *रेखा अन्तर:* यह पाठ्यांश की रेखाओं के बीच की दूरी को निश्चित करता है। यह तब उपयोगी है जब किसी लेख नियंत्रण को किसी डाटा के ज्ञापन क्षेत्र के अनुसार प्रदर्शित तथा संचित करने के लिए उपयोगी बनाया जाता है।
- *दर्शीय:* यह गुण यह निर्धारित करने में सक्षम है कि नियंत्रण के डाटा को कहाँ भेजा जाए प्रिंटर पर अथवा पर्दे पर, उदाहरण के लिए, लेवल, जिसमें निर्देश होते हैं, को पर्दे पर दर्शाया जा सकता प्रिंटर पर नहीं।
- *घुमावदार छड़:* यह गुण निश्चित करने में सक्षम होता है कि घुमावदार छड़ उपस्थित हो तब नियंत्रण में कोई डाटा पाठ्यांश इसके आकार में आते हैं अथवा नहीं। यह विकल्प बिल्कुल नहीं अथवा नहीं, यह विकल्प बिल्कुल नहीं अथवा क्षितीजीय हो सकता है। यह गुण सामान्यत: ज्ञापन क्षेत्र के अनुसार डाटा के नियंत्रण के साथ क्रियाकलापों के अनुसार क्षितिज को निश्चित करता है।
- *नियंत्रण स्त्रोत:* यह गुण लेख प्रमाण के स्त्रोत को निश्चित करता है जो कि एक विशेष नियंत्रण के साथ संबंधी होते हैं। यह रिकार्ड स्त्रोत होता है जो कि प्रपत्र के प्रारुप में समाहित होता है।
- *निवेशी मास्क:* यह गुण उस विधि को प्रभावित करता है जो नियन्त्रण में डाटा प्रविष्टि को उसके उपस्थिति के विपरीत के लिए प्रयोग होती है जो कि संरूप तथा बिन्दु गुण से प्रभावित होती है, नियन्त्रण रेखाकिंत क्षेत्र की निवेशी बनावट स्वत: ही नियंत्रण का अधिकार प्राप्त करती है।
- *व्यतिक्रम मूल्य:* यह गुण मूल्यों को क्षेत्र के अनुसार निर्धारित होता है जब इसमें नये डाटा प्रमाण को जोड़ा जाता है। यह डाटा स्त्रोत के रेखांकित क्षेत्र से जिसके साथ नियंत्रण बंधा हुआ होता है, से प्राप्त होता है, निर्धारित होता है, जिसमें वह कुचलने वाला प्रभाव ग्रहण करता है, रेखांकित क्षेत्र स्तर पर निर्धारित मूल्य के ऊपर का स्तर रहता है।
- *वैद्यता (नियम तथा पाठ्यांश):* नियन्त्रण के लिए पाठ्यांश का नियम तथा नियमों के नियंत्रण का कार्य करना उसी प्रकार है जैसे यह डाटा सारणी के क्षेत्र में कार्यान्वित होता है इसके अलावा वैद्यता नियंत्रण के अन्तर्गत आकार स्तर पर तथा क्षेत्र के अन्तर्गत डाटा सारणी पर कार्यान्वित होता है।

WEB COPY © BSTBPC NOT TO BE PUBLISHED

बाधित नियन्त्रण में उपयोगकर्ता नियंत्रण में डाटा प्रविष्टि नहीं कर सकता। यदि नियंत्रण के लिए वैद्यता नियम तथा रेखांकित क्षेत्र विरोधी है।

- *योग्य तथा बन्द (Enabled and Locked):* यह गुण, यह निर्धारित करने के लिए होता है कि केन्द्र को नियंत्रण की अनुमति दी जाये अथवा नहीं, यदि यह 'नहीं' पर रख दिया जाता है तो नियंत्रण धीमा दिखाई देता है तथा माऊस के कार्य ऐसे नियंत्रणों द्वारा नहीं पूर्ण हो सकते हैं। यह गुण केवल डाटा को दर्शाने हेतु गणितिक नियंत्रण के लिए उपयोगी है। बन्द गुण यह निर्धारित करता है कि नियंत्रण में कोई भी डाटा शुद्ध किया जा सकता है अथवा नहीं, यदि इस गुण को 'हाँ' पर निर्धारित किया जाता है तो उपयोगकर्ता डाटा को शुद्ध की सुगमता से वंधित रहता है। यद्यपि यह केन्द्र पर उपलब्ध रहता है। यह दो गुण नियन्त्रण के निम्नलिखित व्यवहारों में एक दूसरे के साथ क्रियाकलाप करते हैं।

बन्द	योग्य	प्रभाव: नियन्त्रण हो सकता है
हाँ	हाँ	केन्द्र प्राप्ति: इसके डाटा की नकल हो सकती है परन्तु शुद्ध नहीं किया जा सकता है
नहीं	हाँ	केन्द्र प्राप्ति तथा डाटा शुद्ध किया जा सकता है
हाँ	नहीं	केन्द्र प्राप्ति नहीं
नहीं	नहीं	केन्द्र प्राप्ति नहीं: डाटा की गति धीमी प्रदर्शित होती है

(स) अन्य गुण:

- *नाम:* यह गुण प्रारुपकर्ता के नियन्त्रण के लिए एक विशेष नाम उपलब्ध करवाने की छूट देता है। प्रारूपकर्ता द्वारा निर्धारित नाम उद्देश्य पूर्ण होना चाहिए जिससे की प्रपत्र का चित्र संरचना एक स्व-प्रलेख बन सके।
- *पाठ्यांश स्थिति छड़:* यह नियंत्रण *पाठ्यांश* संदेश को निर्दिष्ट करता है जो कि स्थिति छड़ में प्रदर्शित होता है जब नियंत्रण केन्द्र को ग्रहण करता है।
- *एन्टर कुंजी का व्यवहार :* यह गुण यह निर्धारित करने के लिए होता है कि एन्टर कुंजी का प्रयोग नई रेखा को जोड़ने के लिए होता है अथवा करसर को अगले नियंत्रण में ले जाने का परिणाम है इसकी स्थिति ज्ञापन क्षेत्र के बाधित पाठ्यांश नियन्त्रण के लिए उपयोगी है।
- *स्वत: सही की मंजूरी:* यह गुण, जब 'हाँ' को स्थित करता है, स्वत: सही गुण सामान्य अक्षरों की गलतियों तथा छपाई को स्वत: ही ठीक कर देता है। यह ज्ञापन क्षेत्र में पाठ्यांश नियंत्रण के लिए उपयोगी है।
- *लम्बवत:* यह गुण निर्धारित करने के लिए होता है कोई पाठ्यांश नियंत्रण में लम्बवत दिखाई अथवा समतल, यदि इसकी स्थिति 'नहीं' है तो इसका अर्थ समतल है यदि हां है तो नियंत्रण में पाठ्यांश 90° तक घुमता है।

© BSTBRC WEB COPY NOT TO BE PUBLISHED

- *व्यतिक्रम:* यह गुण आदेश कुंजी पर लगाया जाता है और यह निर्धारित करता है कि नियंत्रण एक सामान्य नियंत्रण है अथवा नहीं।
- *टेब रोक (Tab stop):* यह गुण यह दर्शाता है कि टेब कुंजी एक नियंत्रण को प्रविष्टि करने में प्रयोग हो सकती है अथवा नहीं, यह इच्छित है कि इस गुण को 'नहीं' पर स्थिर किया जाए उन नियंत्रण के लिए जिनका मूल्य बहुत ही कम बदलता है।
- *टेब सूचांक:* यह गुण नियंत्रण के लिए टेब क्रम को रखने में प्रयोग होता है। यह गुण ढांचा स्तर पर स्वत: ठीक करने के विपरीत टेब क्रम को हस्त प्रयोग के अनुसार व्यवस्थित करने में सहायता करता है।
- *छोटी विधि सूची:* यह नियंत्रण एक विशेष सूची को नियंत्रण के जोड़ने में सक्षम होती है और जब प्रयोगकर्ता नियंत्रण पर सीधा क्लिक करता है तो विंडोज पर दर्शाता है।
- *नियंत्रण संकेत पाठ्यांश:* यह गुण *पाठ्यांश* को प्रविष्टि करने के लिए है जैसे वह किसी नियंत्रण के लिए औजार संकेत की तरह व्यवहार करें। यह औजार संकेत स्वत: ही प्रदर्शित हो जाते हैं जब माऊस को नियंत्रण के ऊपर ले जाते हैं तथा एक क्षण के लिए छोड़ देते हैं।
- *प्रसंग सहायता पहचान:* यह गुण एक विशेष नियंत्रण के साथ जुड़े हुए सहायता विषय को इंगित करता है।

15.3.4 एम.एस. एक्सेस के सामान्य नियंत्रण

एक्सेस में बहुत से नियंत्रणों के लिए जोड़ प्रबंधक का प्रयोग करते हैं और यहाँ पर तीन प्रकार के नियंत्रण हैं: बाधित, अबाधित, गणितीय बाधिक। *बंधित* नियंत्रण डाटा सारणी की डाटा सारणी में भण्डारित डाटा को सुधारने तथा दर्शाने के लिए प्रयोग होता है। यह नियंत्रण इसके प्रदर्शन नियंत्रण गुण में निर्धारित आकार में स्वत: ही उपस्थित हो जाता है तथा कई गुणों को ग्रहण कर लेता है उन क्षेत्रों से जिनसे कि ये नियन्त्रण बाधित होते हैं। *अबंधित* नियंत्रण प्रयोगकर्ता के लिए सूचनाएं दर्शाता है अथवा प्रयोगकर्ता से डाटा लेता है जो कि डाटा सारणी में संचित करने के लिए नहीं होता है। *गणितीय* नियंत्रण एक विशेष प्रकार का नियंत्रण है जो कि पूछताछ के अनुमानित परिणामों को दर्शाता है, जो कि मुद्रा में सम्मिलित हो सकते हैं। इसके प्रयोग के लिए तैयार किये गये कार्य जो कि आन्तिरिक मूल्यों का प्रयोग करके इनका आकलन करते हैं। कुछ सामान्य प्रयोग कार्यो का विवेचन तथा इनका वर्णन परिशिष्ट 'ए' में दिया गया है, इसलिए गणितीय नियंत्रण में डाटा को सुधारा नहीं जा सकता क्योंकि यह अनुमानित डाटा अथवा सूचना है। इन नियंत्रणों का मूल्य स्वत: ही बदलता रहता है जब कभी डाटा, जिसके साथ नियंत्रण के कार्य बाधित होते हैं उनका रुप बदलता रहता है। कुछ सामान्य नियंत्रण के महत्वपूर्ण बिन्दुओं की चर्चा नीचे की गयी है।

(अ) *लेबल:* यह नियंत्रण आकार पर गाढ़ा मुद्रण करने के प्रयोग में लाया जाता है। जैसे कि लेन-देन प्रमाणक, प्रमाणक नं., क्रम संख्या, नाम, जमा, राशि, आख्यान, द्वारा अधिकृत, द्वारा तैयार बायी तरफ तथा खाते का नाम चुनना और खाते में जमा चुनना, एक्सेस प्रमाणक आकार चित्र के दाहिनी तरफ

© BSTBPC WEBCOPY NOT TO BE PUBLISHED

